सुविचार
आत्मविश्वास होना चाहिए। जिंदगी कहीं से भी शुरू हो सकती है।

दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

कुल पेज 16 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 7, अंक 353, महानगर

संसेक्स 82,948.23 -131.43
डॉलर 83.76 0.00
देश में मानसून औसत बारिश 871.9 मिमी
जयपुर अब तक 1053.33 मिमी | कम/ज्यादा +507.55 मिमी
▪ पिछले साल अब तक 431.67 मिमी बारिश हुई थी।
बीसलपुर बांध
फुल टैंक लेवल 315.50 आरएल मी. | आज तक 315.50 आरएल मी.

dainikbhaskar.com झुंझुनूं, गुरुवार, 19 सितंबर, 2024 आश्विन, कृष्ण पक्ष-द्वितीय, 2081 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, गुरुवार, 19 सितंबर, 2024 झुंझुनूं - चिड़ावा - पिलानी सीकर - नवलगढ़ - सूरजगढ़ dainikbhaskar.com

लघु उद्योग भारती के साथ हुई औद्योगिक गोष्ठी

पिलानी | सीएसआईआर-सीरी पिलानी में लघु उद्योग भारती के साथ औद्योगिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान द्वारा विकसित नवीनतम तकनीकों और वर्तमान में चल रही प्रमुख परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित 100 तकनीकों, ज्ञान और उत्पादों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, एमएसएमई को 100 दिनों के भीतर हस्तांतरित करना था। इस महत्वपूर्ण सहयोग के तहत सीएसआईआर और लघु उद्योग भारती के बीच महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। सीएसआईआर की ओर से डॉ. महेश कुमार और दीप्ति ने गोष्ठी में प्रतिभागिता की। बैठक में उद्योग भारती के तत्वावधान में 50 उद्यमी एवं एमएसएमई के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस अवसर पर संस्थान द्वारा विकसित चेहरा आधारित उपस्थिति प्रणाली एफआरएएस पर सुशीला मार्बल्स एंड हैण्डीक्राफ्ट्स ने रुचि दिखाते हुए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर सहमति व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने संस्थान के शोध क्षेत्रों एवं वर्तमान में चल रही विभिन्न अनुसंधान और विकास गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ. मनीष मैथ्यू, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख, तकनीकी व्यवसाय प्रभाग ने संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया। आयोजन का समन्वयन डॉ. मनीष मैथ्यु एवं प्रमोद तंवर, प्रमुख, पीएमई ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई। प्रतिनिधिमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक्स साइंस म्यूजियम और प्रिसीजन एग्रीकल्चर रिसर्च स्टेशन का भी दौरा किया।